# उत्तराखण्ड वन विकास निगम

(शिविर कार्यालय, प्रबन्ध निदेशक)

'अरण्य विकास भवन', 73–नेहरू रोड़, देहरादून, दूरभाष : 0135–2657610, फैक्स : 0135–2655488

पत्रांक :–वि– 3288 /16–2–1 (क)/नीलाम सामान्य दिनांक : 22 अगस्त, 2016

email द्वारा

सेवा में,

समस्त प्रभागीय विक्रय प्रबन्धक,

उत्तराखण्ड वन विकास निगम,

विषय :– सार्वजनिक नीलाम/निविदा की विक्रय सूचियाँ बेवसाईट में अपलोड किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– इस कार्यालय का पत्रांक (1)वि–7420/16–34/नीलाम सामान्य दिनांक 16.03.2016

(2)वि–5012/16–2–1/दिनांक 29.10.2015

(3)एन–1053/बैठक दिनांक 19.05.2016

(4)वि–2855/16–2–1 (क)/नीलाम सामान्य, दिनांक 02.08.2016

महोदय,

उपरोक्त पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। प्रकाष्ठ आदि के विक्रय हेतु सम्पन्न होने वाले नीलाम /निविदा की विक्रय सूचियां, उत्तराखण्ड वन विकास निगम की अधिकृत Website : uafdc.in में नीलाम/निविदा तिथि के तीन दिन पूर्व अपलोड किए जाने की व्यवस्था निर्धारित है। किन्तु प्रायः देखा जा रहा है कि विक्रय प्रभागों के स्तर से उक्त विक्रय सूचियां विलम्ब से उपलब्ध कराई जा रही हैं। उदाहरण के लिए माह जुलाई 2016 में सम्पन्न हुए कतिपय नीलामों की विक्रय सूचियों की अपलोडिंग तिथियां निम्नानुसार हैं:–

| क्र0सं0 | विक्रय प्रभाग का नाम | डिपो का नाम | नीलाम तिथि | अपलोडिंग तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | देहरादून | रायवाला | 20.07.2016 | 19.07.2016 |
| 2 | देहरादून | हरबर्टपुर | 13.07.2016 | 12.07.2016 |
| 3 | देहरादून | सेलाकुई | 13.07.2016 | 12.07.2016 |
| 4 | टनकपुर | टनकपुर–1,2,3, | 19.07.2016 | 18.07.2016 |
| 5 | हल्द्वानी | लालकुआँ–4,5 | 18.07.2016 | 18.07.2016 |

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि मुख्यालय द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए सार्वजनिक नीलामों/निविदाओं की विक्रय सूचियां, निर्धारित समयान्तर्गत नीलाम/निविदा तिथि से 4 (चार) दिन पूर्व ई–मेल के माध्यम से प्रभारी आई0टी0 सेल मुख्यालय को आवश्य उपलब्ध करा दी जाएँ, अन्यथा कि स्थिति में उत्तरदायी कार्मिक की चरित्र पंजीका में प्रतिमूल प्रविशिष्ट दर्ज कर दी जाएगी ।

भवदीय,

(विनीत कुमार पांगती)

महाप्रबन्धक (उ0)

*पत्रांक :–वि–3288/तद्दिनांकित ।*

प्रतिलिपि :–निम्न को उपरोक्तानुसार अनुश्रवण करते हुए आवश्यक कार्यवाही के आशय से प्रेषित:–

1. महाप्रबन्धक (कुमाऊँ), उत्तराखण्ड वन विकास निगम, हल्द्वानी।
2. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम।
3. प्रभारी आई0टी0 सेल मुख्यालय, उत्तराखण्ड वन विकास निगम।

(विनीत कुमार पांगती)

महाप्रबन्धक (उ0)